The two genders, 'masculine' and 'feminine', were introduced in पाठ ६ as far as nouns are concerned. Marked adjectives adjust their endings according to the noun they refer to. (पाठ १२-१४) Expressions which refer to people also have gender, according to the sex of the person. (पाठ १०) (का phrases are like adjectives.)

Number:

Number is a two-way distinction: singular vs. plural. Hindi is much like English in its use of number. The pronoun आप for instance, always requires the plural verb हैं, just as English you requires the plural are. It can mean one person or several--no matter. आप is grammatically plural, always.

The plural number is used in referring to a group of persons or things; in referring to one person, the plural shows respect. Only children or persons of low rank should be talked about in the singular.

Person; the personal pronouns

It is customary to refer to three grammatical persons. The first person pronouns are मैं and हम. They require the verbs हूँ and हैं, respectively. आप is the only second person pronoun taught in this Introduction.

The singular third person pronouns are यह and वह. यह means *this one*, and is often translated *he*, *she*, or *it*. वह means *that person* or *that thing*, as well as *he*, *she*, *it*. The plurals are ये and वे. They can be translated *they*, *these*, or *those*. When they refer to a single person, they are translated *he* or *she*. (In informal speech, many people say ये for both यह and ये, and वो for वह and वे.

यह, ये, वह, and वे or any noun can be substituted in the third person examples.

All of the grammatically plural pronouns can refer to one person (Many people use हम to mean *I*.) To make it clear that a group of people is meant, the noun लोग is often added:

आप लोग	you-all
वे लोग	those people, they
हम लोग	we (not only I)

The following examples show how person, number, and gender combine in a sentence consisting of a pronoun or noun as subject, a marked adjective, and a verb.

1	s	f	मैं थकी हूं।	I'm tired. (woman speaking)
1	s	m	मैं भूखा हूं।	I'm hungry. (man speaking)
2	p	f	आप अच्छी हैं।	You're O.K. (to a woman)
2	p	m	आप गोरे हैं।	You're fair. (to a man)
1	p	m	हम बूढ़े हैं।	We are old. I am old.
3	s	f	नदी गहरी है।	The river is deep.
3	s	m	पानी मैला है।	The water is dirty.
3	p	f	सड़कें चौड़ी हैं।	The streets are wide.
3	p	m	वे काले हैं।	They are black.

(The other possibility, first person plural feminine, is rare.)

The present participle consists of the root of the verb plus one of the endings ता ते ती . Here is the full list for the verb go:

	Person	Gender	Number
मैं जाता हूं	1	mas.	sing.
मैं जाती हूं	1	fem.	sing.
हम जाते हैं	1	mas.	pl.
आप जाते हैं	2	mas.	pl.
आप जाती हैं	2	fem.	pl.
यह जाता है	3	mas.	sing.
ये जाते हैं	3	mas.	pl.
यह जाती है	3	fem.	sing.
ये जाती हैं	3	fem.	pl.

Another form is the root plus the ending ना ; this is called the infinitive. This is the form listed in the dictionary. The verbs introduced on page ३६ (in their infinitive form):

बोलना	speak	खाना	eat
सीखना	learn	पढ़ाना	teach
जानना	know	लिखना	write
पढ़ना	study, read	पकाना	prepare
समझना	understand	पहनना	wear, put on
खेलना	play	पीना	drink

१	एक	११	ग्यारह	२१	इक्कीस
२	दो	१२	बारह	२२	बाईस
३	तीन	१३	तेरह	२३	तेईस
४	चार	१४	चौदह	२४	चौबीस
५	पांच	१५	पन्द्रह	२५	पच्चीस
६	छः	१६	सोलह	२६	छब्बीस
७	सात	१७	सत्रह	२७	सत्ताईस
८	आठ	१८	अट्ठारह	२८	अट्ठाईस
९	नौ	१९	उन्नीस	२९	उनतीस
१०	दस	२०	बीस	३०	तीस

३१	इकतीस	४१	इकतालीस	५१	इक्कावन
३२	बत्तीस	४२	बयालीस	५२	बावन
३३	तैंतीस	४३	तैंतालीस	५३	तिरपन
३४	चौंतीस	४४	चवालीस	५४	चौवन
३५	पैंतीस	४५	पैंतालीस	५५	पचपन
३६	छत्तीस	४६	छियालीस	५६	छप्पन
३७	सैंतीस	४७	सैंतालीस	५७	सत्तावन
३८	अड़तीस	४८	अड़तालीस	५८	अट्ठावन
३९	उन्तालीस	४९	उनचास	५९	उनसठ
४०	चालीस	५०	पचास	६०	साठ

पाठ उन्नीस

मेरे चार भाई हैं।	मेरी बहुत बहनें हैं।
मेरे पांच छोटे भाई हैं।	मेरी तीन छोटी बहनें हैं।
मेरे एक बड़े भाई हैं।	मेरी एक बड़ी बहन हैं।
मेरा सिर्फ़ एक भाई है।	मेरी एक छोटी बहन है।
मेरा कोई भाई नहीं।	मेरी कोई बहन नहीं।
आपके कितने भाई हैं ?	आपकी कितनी बहनें हैं?

आप के कितने भाई हैं ?	आप की कितनी बहनें हैं ?
मेरा सिर्फ़ एक भाई है।	मेरी दो बहनें हैं।
वह कहां रहता है ?	एक बड़ी, और एक छोटी।
यहां रहता है।	
स्कूल में पढ़ता है।	

आपके कितने भाई हैं ?
मेरे दो भाई हैं, एक बड़े हैं और दूसरा छोटा।
वे दोनों क्या करते हैं ?
दोनों पढ़ते हैं। बड़े बी०ए० में हैं और छोटा नवीं क्लास में है।
बड़ी खुशी की बात है।
आज शाम को आप सब यहां खाना खाइये।
अच्छी बात। आपकी बड़ी मेहरबानी।

परिवार   The Family

मेरे दो भाई हैं ।	I have two brothers.
मेरी दो बहनें हैं ।	I have two sisters.

Obviously any attempt at word-for-word translation must be abandoned (unless you can be satisfied with something like 'Two brothers of mine exist.')

Plurals   Many masculine nouns have the same shape in the singular and the plural. Marked adjectives with पुलिंग nouns have आ in the singular and ए in the plural.

मेरा छोटा भाई	my little brother
मेरे छोटे भाई	my little brothers

Many feminine nouns add एं for the plural. Adjective endings are ई for both singular and plural.

मेरी छोटी बहन	my little sister
मेरी छोटी बहनें	my little sisters

In talking about important or high-ranking people, the plural must be used. An older brother is always बड़े भाई, but a younger brother may be छोटा भाई. In the feminine, the noun doesn't change (and the adjective can't,) but the verb goes into the plural.

मेरी एक बड़ी बहन हैं ।   I have one older sister.

पाठ बीस

मेरे दो भाई मुझ से बड़े हैं ।
वे तीनों भाई मुझ से छोटे हैं ।

मेरा एक भाई मुझसे बड़ा है ।

मेरी तीन बहनें मुझसे बड़ी हैं ।

उमर में दोनों बहनें मुझसे बड़ी हैं ।
क़द में मेरे भाई मुझसे लम्बे हैं ।

क्या आपके भाई-बहन आप से बड़े हैं ?
क्या क़द में आपके तीनों भाई आपसे बड़े हैं ?
क्या उमर में आपकी बहन आपसे छोटी है ?

आपके कितने भाई-बहन हैं ?
मेरे दो भाई हैं, एक बड़ा और एक छोटा ।
और एक बहन है ।
क़द में आपके बड़े भाई आपसे लम्बे हैं ?
जी नहीं, बड़े नहीं हैं । क़द में हम दोनों बराबर हैं ।
और आप की बहन ?
वे काफ़ी छोटी हैं ।

(a) मेरी छोटी बहन मुझ से लंबी है।
My little sister is taller than me.

(b) मेरी दूसरी बहन मुझ से बड़ी हैं।
My other sister is older than I. (bigger)

(c) मेरी दोनों बहनें मुझ से छोटी हैं।
Both my sisters are younger than me. (smaller)

Talking about women and girls: Example (a) refers to one sister, presumably younger; the forms are all singular. (b) refers to one girl or woman, and shows respect; everything is plural except the noun sister. (c) refers to several sisters; all the forms are plural.

(d) मेरा तीसरा भाई मुझ से छोटा है।
My third brother is smaller than I am. (younger)

(e) मेरे दूसरे भाई मुझ से लम्बे हैं।
My other brother is taller than me.
My other brothers are taller than me.

Talking about men and boys: Here there is only a two-way distinction. The whole sentence is either singular or plural. If plural, it may refer to one person or several. If there is danger of confusion, more words can be added:

मेरे एक भाई	one brother of mine
मेरे चारों भाई	all four of my brothers

The pronoun मैं has a special form मुझ. The two forms मैं and मुझ are called the two cases of the pronoun. मैं is traditionally known as the direct case, and मुझ as the oblique case. (These names don't seem to mean anything; 'Form 1' and 'Form 2' would do as well, but would be harder to remember.) Some of the pronouns have different forms for the two cases, others use the same form.

The oblique case is used with postpositions, and in other special situations.

Direct	Oblique	Examples		
मैं	मुझ	मुझसे	मुझ पर	मेरा
I		than I from me	on me	my
यह	इस	इससे	इसमें	इसका
this, she he, it		than him than her	in it in this	his her its this one's
ये	इन	इनसे	इनमें	इनका
these, they he, she		than he than they	in him among these	his, her, their
वह	उस	उससे	उसपर	उसका
he, that	she, it,	than she from him	on it	his, her its
वे	उन	उनसे	उनमें	उनका
they, he, those	she	than he than they	among them	his, her, their
आप	आप	आपसे	आपमें	आपका
you		than you from you	among you	your
हम	हम	हमसे	हममें	हमारा
we		from us than we	among us	our
I		than I	in me	my

These are only some of the possible meanings.

पचास

भारत के राष्ट्रपति कौन हैं ?
वहाँ के प्रधान मंत्री का नाम क्या है ?
भारत की केन्द्रीय सरकार के दफ़्तर कहां हैं ?
दफ़्तर में कौन कौन लोग काम करते हैं ?

भारत के राष्ट्रपति कौन हैं ?
आजकल भारत के राष्ट्रपति डाक्टर ज़ाकिर हुसेन हैं।
और वहाँ के प्रधान मंत्री कौन हैं ?
श्रीमती इन्दिरा गांधी वहाँ की प्रधान मंत्री हैं।
भारत–सरकार के दफ़्तर कहाँ हैं ?
अधिकतर दफ़्तर नई दिल्ली में हैं।
उनमें कौन काम करते हैं ?
उनमें अफ़सर, बाबू लोग और चपरासी काम करते हैं।
चपरासी क्या काम करता है ?

पाठ इक्कीस

हमारा एक बच्चा है ।
हमारा एक बेटा है ।
उनका एक बेटा है ।
उसके दो बेटे हैं ।
उनके दो बेटे हैं ।
उन लोगों के दो दो बेटे हैं ।

हमारी एक बेटी है ।
उनकी दो बेटियां हैं ।
उन लोगों की तीन लड़कियां हैं ।

हमारा कोई बच्चा नहीं ।
हमारी कोई बेटी नहीं ।

उनके कितने बच्चे हैं ?
पांच हैं, दो लड़के और तीन लड़कियां ।
उनमें सबसे बड़ा कौन है ?
लड़का सबसे बड़ा है ।
उससे छोटी दो लड़कियाँ हैं ।
चौथा लड़का है और पांचवीं लड़की ।

आपकी बड़ी बहन कहां रहती हैं ?
वे बम्बई में रहती हैं ।
क्या वे शादीशुदा हैं ?
जी हाँ, वे शादीशुदा हैं और उनके दो बच्चे हैं ।
लड़के हैं या लड़कियां ?
दोनों लड़कियां हैं ।

Plurals:

The other kind of masculine noun ends with आ in the singular and ए in the plural (like the adjectives.)

हमारा बच्चा	our child
हमारे बच्चे	our children

Many feminine nouns end with ई in the singular and इयां in the plural.

उन की बेटी	their daughter (his, her)
उन की बेटियां	their daughters (his, her)

The his/her distinction appears in the translation, not in the Hindi. The gender of the noun controls the endings; the sex of the owner has nothing to do with it.

On the following pages more examples are given.

A respected person is referred to by the plural pronouns ये and इन, वे and उन. You must be consistent in this.

मेरे पिता जी -- उनका नाम	My father... his name...
मेरी सास -- इन का घर	My mother-in-law... her house

Equality:

लड़के एक उमर के हैं।	The boys are of the same age.
लड़कियां एक उमर की हैं।	The girls are of the same age.

पुलिंग

अच्छा नाम	अच्छे नाम
बड़ा शहर	बड़े शहर
पुराना देश	पुराने देश
छोटा प्रदेश	छोटे प्रदेश
लम्बा दिन	लम्बे दिन
अच्छा गांव	अच्छे गांव
बड़ा आदमी	बड़े आदमी
छोटा भाई	छोटे भाई

छोटा बच्चा	छोटे बच्चे
बुरा लड़का	बुरे लड़के
सुन्दर बेटा	सुन्दर बेटे
साफ़ कमरा	साफ़ कमरे
बड़ा दरवाज़ा	बड़े दरवाज़े
सीधा रास्ता	सीधे रास्ते

स्त्रीलिंग

छोटी बहन	छोटी बहनें
लम्बी उमर	लम्बी उमरें
कच्ची सड़क	कच्ची सड़कें
पक्की इमारत	पक्की इमारतें
अच्छी तारीख़	अच्छी तारीख़ें
बुरी बात	बुरी बातें
बड़ी मेज़	बड़ी मेज़ें
अच्छी शिक्षा	अच्छी शिक्षाएं
बड़ी कक्षा	बड़ी कक्षाएं
उसकी रक्षा	हमारी रक्षा

छोटी बच्ची	छोटी बच्चियां
बड़ी लड़की	बड़ी लड़कियां
मेरी बेटी	मेरी बेटियां
लम्बी नदी	लम्बी नदियां
उसकी कुर्सी	उसकी कुर्सियां
गन्दी खिड़की	गन्दी खिड़कियां

पाठ बाईस

बड़े भाई का नाम क्या है ?
बड़े लड़के का नाम क्या है ?
बड़ी लड़की का नाम क्या है ?
बड़ी बच्ची का नाम क्या है ?

आपके बच्चों के नाम क्या हैं ?
आपके लड़कों के नाम क्या हैं ?
आपकी बेटियों के नाम क्या हैं ?
आपकी लड़कियों के नाम क्या हैं ?

आपके कितने बच्चे हैं ?
हमारे दो बच्चे हैं ।
उन के नाम क्या हैं ?
उनके नाम अनिल और विनोद हैं ।
और उनकी उमरें ?
एक दस साल का है और दूसरा बारह का ।

The oblique singular forms of nouns and adjectives

Nouns and adjectives also have two cases, but the direct and oblique forms are alike in many instances (which has allowed us to avoid the matter so far.) All feminine nouns, and the adjectives used with them, have the same form in the oblique as in the direct case.

मेरी बेटी	मेरी बेटी से	(no change)

Masculine nouns of Type A (see page ५३) do not change.

यह शहर	इस शहर में	(no change)

Only Type B Masculine nouns have a special oblique form.

लड़का	लड़के का	of the boy
कमरा	कमरे में	in the room
नक़्शा	नक़्शे पर	on the map

For this kind of noun, the oblique singular form is like the direct plural. The same is true of the adjectives.

हमारा कमरा	हमारे कमरे में	in our room
मेरा बड़ा बेटा	मेरे बड़े बेटे से	from my older son

Marked (changeable) adjectives used with masculine nouns have this oblique case form with the ए ending whether the noun itself is of Type A or Type B.

यह छोटा शहर	इस छोटे शहर में	in this small city
वह लम्बा दिन	उस लम्बे दिन में	during that long day

The oblique plural forms

In the oblique plural, all marked adjectives have the same form as in the oblique singular. This means ई endings for the feminine, ए for the masculine. All nouns have an oblique plural ending with ओं:

वे बड़े शहर	उन बड़े शहरों में
आपके छोटे बच्चे	आपके छोटे बच्चों से
आपके दो राजा	आपके दो राजाओं से
मेरी नई मेज़ें	मेरी नई मेज़ों पर
चौड़ी नदियां	चौड़ी नदियों के
बूढ़ी माताएं	बूढ़ी माताओं से

A postposition is attached to a phrase which may consist of one word or several. All the words of this phrase go into the oblique case.

वे लोग उस कमरे में हैं ।	Those people are in that room.

The phrase वे लोग is not involved with the postposition, and remains in the direct case.

Classroom expressions: (X) से पूछिये   Please ask (X)

मुझसे पूछिये ।	Ask me
उनसे पूछिये ।	Ask him. Ask her. Ask them.
उस से पूछिये ।	Ask him, Ask her. (a child or servant)
उन लोगों से पूछिये ।	Ask them. Ask those people.
दूसरे विद्यार्थियों से पूछिये ।	Ask the other students.
अपने दोस्तों से पूछिये ।	Ask your friends.

With imperatives (इये forms) 'your' is expressed by अपना.

आपका is not permitted in imperative sentences.

अपनी बीवी से न पूछिये ।	Don't ask your wife.

When a postposition is added to a phrase, the entire phrase goes into the oblique case.

हमारा दूसरा बच्चा	our second child
हमारे दूसरे बच्चे का नाम	the name of...

List your family on a chart:

राम लाल	बेटा	दस साल
उमा जी	सौतेली मां	?

Exchange charts and quiz each other:

आपके परिवार में कितने लोग हैं ?
बहन जी का नाम क्या है ? कहां रहती हैं ?
क्या वे शादी शुदा हैं ? उनके कितने बच्चे हैं ?

Some of these questions may strike you as a little too personal, but this is an attitude you will have to get over. On the other hand, matters which are perfectly matter-of-fact to us may be sensitive to members of another culture. An orthodox Hindu woman for instance, will not use her husband's name. If a problem like this arises, don't make an issue of it; just drop the subject. You can get the information you need for the chart--the names of the various relatives--without using any English.

Clichés

मेरे ख्याल में	in my opinion
आपके विचार में	in your opinion

पाठ तेईस

हम सात बजे उठते हैं ।
साढ़े सात बजे नाश्ता करते हैं ।
आठ बजे हम लोग स्कूल जाते हैं ।
साढ़े आठ बजे क्लास में होते हैं ।

डेढ़ बजे बाज़ार जाती हूं ।
दो बजे खाना पकाती हूं ।
ढाई बजे खाती हूं ।

साढ़े पांच बजे स्कूल बन्द होता है ।
सवेरे आठ बजे खुलता है ।

सवेरे कितने बजे घर से चलती हैं ?
मैं साढ़े आठ बजे चलती हूं और नौ बजे पहुंचती हूं ।
वहां क्या करती हैं ?
हिन्दी पढ़ती हूं । सिर्फ़ हिंदी ।

क्या आपके बच्चे स्कूल जाते हैं ।
जी हां, रोज सवेरे जाते हैं ।
छोटा बच्चा एक बजे वापस आता है और दूसरा साढ़े तीन बजे ।
दोपहर को क्या करते हैं ?
विनोद सोता है, लेकिन बड़ा लड़का टेनिस खेलता है ।

Daily routine:

कितने बजे उठते हैं ?	At what time do you get up?
नौ बजे स्कूल पहुंचता हूं ।	I arrive at school at nine o'clock.
एक बजे हम वापस आते हैं ।	We come back at one o'clock.
एक बजे	at one o'clock
ढाई बजे	at two-thirty

These phrases are in the oblique singular form. Oblique expressions like these are often called adverbs or adverbial phrases. Other time adverbs are:

सवेरे	in the morning
रोज़	daily
इतवार को	on Sumday
शाम को	in the evening
रात को	at night
दोपहर को	in the afternoon
सप्ताहांत को	on the weekend

The half-hours are expressed this way:

डेढ़ बजे	at 1:30
ढाई बजे	at 2:30
साढ़े तीन बजे	at 3:30
साढ़े दस बजे	at 10:30

From 3:30 on, साढ़े is used.
For the time being, avoid the question, "What time is it?"
Build up a monolog on your daily routine.

पाठ चौबीस

जाड़े का मौसम कब होता है ?
गर्मी का मौसम कब होता है ?

कब शुरू होता है ?
कब ख़त्म होता है ?

जाड़े का मौसम अक्तूबर में शुरू होता है ।
जाड़े का मौसम फ़रवरी में ख़त्म होता है ।
ज़ाड़े का मौसम अक्तूबर से फ़रवरी तक होता है ।
गर्मी का मौसम मार्च से जून तक होता है ।

नई दिल्ली में जाड़े का मौसम कब शुरू होता है ?
अक्तूबर में शुरू होता है ।
और कब ख़त्म होता है ?
फ़रवरी में ।
वहां गर्मी का मौसम कब से कब तक होता है ?
मार्च से जून तक ।
क्या भारत में बरसात का मौसम भी होता है ?
जी हां, होता है ।
बरसात जुलाई से १५ सितम्बर तक होती है ।

कव से कब तक होता है ?	From when to when is it?

गर्मी	heat	गर्मी का मौसम	the hot weather
जाड़ा	cold	जाड़े का मौसम	winter
बारिश	rain	बरसात बारिश का मौसम	rainy weather
शुरू होता है ।	it begins		
खत्म होता है ।	it ends		

शुरू and खत्म are nouns.

शुरू में	it begins
खत्म तक	it ends

There is no verb begin; this is expressed by the noun-verb combination शुरू होना. In the same way खत्म होना is translated by the English verb end. Find out about the weather where you are going. Give the months their correct Hindi pronunciations.

Choose a class motto. The following are suggested.

अंग्रेज़ी बोलना मना है ।	It is forbidden to speak English.
हिन्दी बोलना आसान है ।	It's easy to speak Hindi.
हिन्दी सीखना ज़रूरी है ।	It is necessary to learn Hindi.
इतना मुश्किल नहीं है ।	It's not all that difficult.

Since is expressed by the postposition से.

इतवार से	since Sunday
कब से ?	since when?

With since, English often requires the complicated have been verb forms. Hindi is simpler.

आप कब से यहां हैं ?	How long have you been here?
दो महीने से यहां हूं ।	I've been here two months.

Useful Expressions:

आपको मालूम है ?	Do you know?
किसी को मालूम है ?	Does anybody know?
मुझे याद है ।	I remember.
हमें याद है ।	We remember.
उन सब लोगों को याद है ।	They all remember.

इसको क्या कहते हैं ?	What do they call this?
किसको ?	What?
इस बड़ी इमारत को ?	This big building?
इसे सेक्रेटेरियट कहते हैं ।	They call it the Secretariat.
ये बच्चे आपको क्या कहते हैं ?	What do the children call you?
ये मुझे चाचा कहते हैं ।	They call me uncle.

कौन है ?	Who is it?
कोई वहां है ।	Somebody's there.

कोई जानता है ?	Does somebody know?
किसी से पूछिये ।	Ask somebody.

(X) को मालूम है ।	It is known to (X).
(X) को याद है ।	It is remembered by (X).

In normal English: (X) knows; (X) remembers.

इस (X) को क्या कहते हैं ?	इसको (Y) कहते हैं ।

What do they call this (X)? They call it (Y).

कौन who and क्या what have the same forms in the oblique: singular किस , plural किन. कोई has the oblique किसी. (There is another कोई (same spelling and pronunciation) which is used with numbers in the meaning approximately.) Some of the pronouns have short forms with को :

मुझको	मुझे	किसको	किसे
हमको	हमें	किनको	किन्हें
इसको	इसे	उसको	उसे
इनको	इन्हें	उनको	उन्हें

Another oblique case phrase pattern is about (X) -. (X) के बारे में

उस के बारे में कुछ बताइये ।	Tell us a little about it. (him)
अपने परिवार के बारे में बताइये ।	Tell us about your family.
अपने काम के बारे में सुनाइये ।	Tell us about your work.
अपने बारे में बोलिये ।	Talk about yourself.
उसके बारे में पूछिये ।	Ask about that. (him)
किसके बारे में ?	About what? About whom?

जैसे can be used for such as or for example:

मुझे कुछ संगीत बहुत पसन्द है जैसे सितार, तबला, शहनाई आदि ।
उन लोगों को कुछ भारतीय खाना अच्छा लगता है जैसे पूरी, पिलाव, चपाती आदि ।
पीने की बहुत चीज़ें मिलती हैं जैसे दूध, चाय, कौफ़ी आदि ।

पाठ पच्चीस

मुझे बीस मिनट लगते हैं ।
मुझे आधा घँटा लगता है ।

आपको स्कूल आने में कितना समय लगता है ?
आपको घर पहुंचने में कितनी देर लगती है ?
आपको वाशिंगटन जाने में कितने मिनट लगते हैं ?

हिन्दुस्तान जाने में कितना वक्त लगता है ?
हवाई जहाज़ से चालीस घंटे से ज़्यादा नहीं लगते ।
लेकिन पानी के जहाज़ से कोई छै हफ़्ते लगते हैं ।

आपको घर जाने में कितनी देर लगती है ?
मुझे सिर्फ़ बीस मिनट लगते हैं ।
कभी कभी भीड़ के वक्त आधे घंटे से ज़्यादा लगता है ।

बस में कितना किराया लगता है ?
पचास सैंट लगते हैं ।
दोनों तरफ़ के ?
जी नहीं, सिर्फ़ एक तरफ़ के ।

कितना समय लगता है ?	How much time does it take?

समय is the grammatical subject; since it is a masculine singular noun, the verb has the आ ending.

कितने घंटे लगतें हैं ?	How many hours does it take?
कितनी देर लगती है ?	How long does it take?

घंटा is also masculine; देर (which means something like delay) is feminine. Obviously, no word-for-word translation is possible in sentences like these. Just learn them and use them as they stand.

खाने में ढाई घंटे लगते हैं ।	2 1/2 hours are used up in eating.
भारत जाने में कितने दिन लगते हैं ?	How many days does it take to go to India?
कितना किराया लगता है ?	What's the fare?

The infinitive of the verb (जाना, खाना etc.) can be used as a noun (masculine singular). It has an oblique form (singular only) as in the examples above.

मुझे एक दिन लगता है ।	It takes me a day.
हमें दो हफ़्ते लगते हैं ।	It takes us two weeks.
उसको बहुत वक़्त लगता है ।	It takes him a long time.

The person involved is mentioned with a को expression.

The postposition से is used for by means of.

रेलगाड़ी से	by train
बैलगाड़ी से	by oxcart

Pronouns: second person

There are two more pronouns, which we will mention here for the sake of completeness. Both are translated you.

Direct	Oblique	Possessive adjective
तुम	तुम	तुम्हारा
तू	तुझ	तेरा

तुम is used in speaking to inferiors or long-time friends; don't try it yet. तू is so intimate you will never use it, but you will hear it.

तू is singular: तू कहां रहता है ? तू कहां रहती है ?

तुम is grammatically plural, and has the special auxiliary हो

तुम कहाँ रहते हो ? तुम कहां रहती हो ?

Verb Forms

These are five imperatives; they express degrees of courtesy and deference.

आ	(तू)	intimate
आओ	(तुम)	familiar
आना	(तुम – आप)	ordinary
आइये	(आप)	polite
आइयेगा	(आप)	deferential

The Hindi verb consists of a root to which various endings are added: ना for the infinitive ओ, ना, इये, इयेगा for the imperatives. There are five verbs which use a different root with इये:

देना	दीजिये
लेना	लीजिये
पीना	पीजिये
सीना	सीजिये
करना	कीजिये

The present tense requires an auxiliary (हूं है है) with a participle consisting of a verb root (such as जा) plus an ending (ता ते ती). See p. ४३. If नहीं is used, the auxiliary is usually omitted.

गाड़ी नहीं जाती ।	The train doesn't go.

There is one more possibility.

गाड़ियां नहीं जातीं ।	The trains don't go.

In the feminine forms of verbs, the distinction between singular and plural is marked only by nasalization in the plural forms. This nasalization occurs only once, in the last word of the verb phrase. Therefore तीं occurs only when the auxiliary is omitted.

Quantities:
सवा 1/4 more than; साढ़े 1/2 more than; पौने 1/4 less than

सवा आठ किलो	8 1/4 kilograms	पौने चार सेर	3 3/4 ser
सवा दो सौ मील	225 miles	पौने चार हज़ार मील	3,750 miles
सवा आठ लाख रुपये	8,25,000 rupees		
पौने बारह करोड़ रुपये	11,75,00,000 rupees		
साढ़े तीन दिन	3 1/2 days	साढ़े पन्द्रह किलो	15 1/2 kilograms
ढाई महीने	2 1/2 months	डेढ़ सेर	1 1/2 ser

पाठ छब्बीस

हम लोग अगले साल भारत जाना चाहते हैं।
मैं वहां की सब मशहूर जगहें देखना चाहती हूं।
मेरी लड़कियां सब शहरों में घूमना नहीं चाहतीं।
हम लोग भारत में एक साल से ज़्यादा रहना नहीं चाहते।

क्या वे मोटर चलाना जानती हैं ?
आजकल आपके दोस्त क्या काम करना चाहते हैं ?
क्या आजकल वह लड़की टाइप करना सीख रही है ?
आप क्या सीखना नहीं चाहतीं ?

आप लोग कहां जाना चाहते हैं ?
हम लोग भारत जाना चाहते हैं।
वहां क्यों जाना चाहते हैं ?
मैं वहां के प्रसिद्ध स्थान देखना चाहती हूं।
मेरे पति वहां बहुत चीजें ख़रीदना चाहते हैं।
मेरी दोनों लड़कियां हरएक शहर में घूमना नहीं चाहतीं लेकिन सिर्फ़ बड़े बड़े शहर देखना चाहती हैं।
आपकी पत्नी क्या क्या सीखना चाहती हैं।
वे हिन्दी पढ़ना और बोलना सीखना चाहतीं हैं॥
वे हिन्दुस्तानी खाना बनाना सीखना नहीं चाहतीं।
वे खाना ख़ानसामा से बनवाना चाहती हैं।

चाहना means want.

वह नौकरी चाहता है ।	He wants a job.

चाहना is often used with infinitives.

साड़ी पहनना चाहती है ।	She wants to wear a sari.
उसके बारे में बताना चाहता हूं ।	I want to tell about that.

Infinitives are used before a few other verbs.

क्या वे मोटर चलाना जानती हैं ?	Does she know how to drive?
क्या आप लिखना सीखते हैं ?	Are you learning to write?

A repeated interrogative asks for an itemized list.

कौन कौन आना चाहते हैं ?	Who-all want to come?
क्या क्या देखना चाहता है ?	What-all does he want to see?
कहां कहां जाना चाहती हैं ?	Where do you want to go?

After is expressed by adverbial (oblique) phrases with बाद:

बाद में	afterwards
उसके बाद	after that
उसके फ़ौरन बाद	immediately after that
उसके दो दिन बाद	two days after that
भारत पहुंचने के बाद	after arriving in India

क्यों means why? The answer may use क्योंकि because.

पाठ सत्ताईस

पिछले साल हम लोग यूरप में थे ।
पिछले महीनें उनकी बहन यहां थीं ।
कल मैं न्यूयार्क में था ।
परसों वह लड़की यहां नहीं थी ।

आप लोग यूरप में कब थे ?
पिछले साल यहां कौन थीं ?
कल आप कहां थे ।
परसों यहां कौन नहीं था ?

कल कौनसा दिन था ?
कल मंगल था ।
जी नहीं, मंगल नहीं था । कल बुध था ।
बुध को आप कहाँ थे ?
मैं घर पर था ।
पिछले हफ़्ते आपकी पत्नी कहां थीं ?
पहले वे न्यूयार्क में थीं और फिर शिकागो में थीं ।

क्या आपको याद नहीं कौनसा दिन था ?
परसों कौनसी तारीख़ थी ?
सत्रह फ़रवरी थी ।
और कौनसा दिन था ?

New verb forms: was था - थी; were थे - थीं

जब मैं वहां था, तब मेरा बड़ा लड़का डेढ़ साल का था ।	When I was there,
जब आप भारत में थे, तब आपकी बड़ी लड़की कितने साल की थी ?	When you were in India,

जब means at the time when; it is not a question word like कब.

Time adverbials

पिछले साल	last year (the year before this)
पिछले महीने	last month
पिछले हफ़्ते	last week
पिछली बार	last time (the most recent occasion)

These phrases are in the oblique case; those with masculine nouns (the first three) have ए endings.

Also:	पहले	formerly, at first
	उस से पहले	before that
	उस वक्त	at that time
	उस दिन	on that day
	किस साल	in what year?

In many cases where English uses a simple verb, Hindi uses a noun plus a verb. करना is used in many such combinations.

आप क्या काम करते हैं ?	काम	work, job
शुरू कीजिये ।	शुरू	beginning
आराम कीजिये ।	आराम	rest

The possessive adjective अपना always refers to the subject of the sentence. If the subject is मैं, अपना means my. मेरा cannot be used in a sentence which has मैं as its subject.

मैं अपना काम करता हूं	I do my own work.

If आप is the subject, अपना means your, आपका is forbidden.

क्या आप अपने कमरे में थे ?	Were you in your own room?

With third-person subjects, there is an important distinction:

वह अपने कमरे में थी ।	She was in her own room.
वह उसके कमरे में थी ।	She was in somebody else's room.

अपना can also be used with another possessive adjective for special emphasis:

यह मेरी अपनी गाड़ी है ।	This is my own car.

लगना is used in another sense.

आपको कैसा लगता है ?	How does it strike you?
उनकी साड़ियां बहुत महंगी लगती हैं ।	Her saris look very expensive.

ऐसा लगता है कि मेरी पत्नी आना नहीं चाहतीं ।
It seems that my wife doesn't want to come.

Was born is expressed by पैदा हुआ, with the same four endings as था.

मेरा लड़का जून में पैदा हुआ । मेरे बड़े भाई बाद में पैदा हुए ।
मेरी बेटी दिल्ली में पैदा हुई । मेरी बड़ी बहन असपताल में पैदा हुईं ।

मेरे भाई वहाँ रहते हैं । उनकी उमर तीस साल है ।

मेरे भाई, जिनकी उमर तीस साल है, वहां रहते हैं ।

My brother, who is thirty years old, lives there.

मेरी बेटी स्कूल जाती है । उसकी उमर सात साल है ।

मेरी बेटी, जिसकी उमर सात है, स्कूल जाती है ।

My daughter, who is seven, goes to school.

By replacing इस or उस with जिस a whole clause can be plugged into another sentence. Similarly, जिन replaces इन or उन.

मेरे भाई यहां रहते थे । वे बीस साल के हैं ।

मेरे भाई, जो यहां रहते थे, बीस साल के हैं ।

My brother, who used to live here, is twenty.

जो can replace यह, ये, वह, or वे.

जो is called the relative pronoun.

जो direct (singular and plural)

जिस oblique singular

जिन oblique plural

वाला with an infinitive in the oblique case means about to happen.

राजदूत आने वाले हैं ।	Here comes the ambassador!
गाड़ी चलने वाली ही थी ।	The train was just about to start.
चार बजने वाले हैं ।	It's almost four.

पाठ अट्ठाईस

मैं सियाटल में काम करता था ।

मैं वहाँ पढ़ती थी ।

आप कहाँ रहते थे ?

क्या आप बंगाली बोलती थीं ?

जब आप यहाँ थे, तब आपके दोस्त आते थे ।

जब हम भारत में थे, तो मेरी बेटी काफ़ी हिन्दी बोलती थी ।

जहाँ आजकल वे रहते हैं वहाँ पहले मैं रहता था ।

जहाँ आप का मकान है, वहाँ पहले एक स्कूल होता था ।

पिछले साल आप कहाँ काम करते थे ?

जब आप हिन्दुस्तान में थे तो क्या हिन्दी बोलते थे ?

पहले आप कहां रहते थे ?

पिछले साल आप कहां काम करते थे ?

सियाटल में करता था ।

और उससे पहले ?

उससे पहले मैं बर्कले में पढ़ाता था ।

कहां रहते थे वहां ?

जहां आपके दोस्त राजन रहते हैं, वहीं रहता था ।

जब वहाँ रहती थी, पंजाबी बोलती थी ।
When I lived there, I used to speak Punjabi.

पहले बम्बई में रहते थे, लेकिन आजकल यहां रहते हैं ।
Formerly we lived in Bombay, but nowadays we live here.

जाता था जाते थे जाती थी जाती थीं	'used to go'	This tense does not mean went; it cannot be used for an event which happened only once.

जहाँ is not a question-word.

जहां आप रहते हैं, और कौन रहता है ?
Where you live, who else live there?

मैं वहां रहता हूं, जहाँ आप रहते थे ।
I live there, where you used to live.

मेरे साथ आइये ।	Come with me.
हमारे साथ रहती हैं ।	She lives with us.
आप किसके साथ आते हैं ?	Who do you come with?

साथ is a masculine noun, meaning something like company. It is used mostly in adverbial phrases without postpositions.

मेरे साथ	in my company--with me
एक साथ	in one group--together
किसके साथ	with whom?

किस	singular	oblique forms of	कौन	who?
किन	plural		क्या	what?

पाठ उनतीस

हम लोगों को अपने शहर में सब सामान मिलता था ।
उन लोगों को अपने देश की सब चीज़ें यहां नहीं मिलती थीं ।
इस जहाज़ पर सब किस्म का खाना नहीं मिलता था ।

क्या आपको मालूम है कि अच्छी मिठाइयां पहले कहां मिलती थीं ?
क्या पहले कभी वाशिंगटन में हिन्दुस्तानी चीज़ें मिलती थीं ?
क्या उन्हें पिछले साल आराम करने का समय मिलता था ?
दो साल पहले आपके माली को कितना वेतन मिलता था ?

दस बारह साल पहले आपके शहर में क्या क्या चीजें मिलती थीं ?
उस समय वहां लगभग सब किस्म की चीज़ें मिलती थीं ।
कुछ चीज़ें नहीं मिलती थीं जैसे-हिन्दुस्तानी मसाले, कपड़े आदि ।
सब ज़रूरी सामान वहां मिलता था ।
क्या आपको वहां के बाज़ार में हिन्दुस्तानी खाना मिलता था ?
हिन्दुस्तानी खाना केवल दो दुकानों पर मिलता था ।
हिन्दुस्तानी खाने के इलावा चीनी और जापानी खाना भी मिलता था।
अब आप बताइये कि दस साल पहले आपके देश में क्या क्या मिलता था ?

मिलना can be translated various ways:

आजकल बाज़ार में चावल नहीं मिलता । You can't get rice in the bazar now.

Rice is not available in the market these days.

रेशमी साड़ियां वहां मिलती थीं । One used to be able to get saris.

Silk saris used to be available there.

If a person is mentioned, को is used:

हमें दो बजे छुट्टी मिलती थी । We used to get a break at 2.

बृहस्पतिवार को मुझे अपना वेतन मिलता था । I used to get my salary on Thursdays.

सवेरे उसको अपनी जुराबें नहीं मिलतीं । He can't find his socks in the morming.

किस्म is a feminine noun, kind.

हर किस्म के फल भी मिलते हैं । All kind of fruit are also available.

नज़दीक, निकट, and पास are all used for near in oblique phrases.

हमारे दफ़्तर के नज़दीक एक कच्ची सड़क थी ।
There was an unpaved road near our office.

उनके घर के निकट एक सिनेमाघर है ।
There is a theater near their house.

उस गाँव के पास बहुत घना जंगल था ।
There was a dense woods near the village.

मेरे घर के पास एक छोटी दुकान है जहाँ अच्छी मिठाइयां मिलती हैं ।
Near my house there is a shop where you can get good candy.

पाठ तीस

आप लोगों को क्या चाहिये ?
क्या आपके दोस्तों को अपना वेतन चाहिये ?
उनसे यह भी पूछिये कि उन्हें कितने दिनों की छुट्टी चाहिए ?

हम लोगों को अगले साल नई गाड़ी ख़रीदनी चाहिये ।
आपके माता-पिता को भी इस साल भारत जाना चाहिये ।
उनके नौकर को दो साल के बाद नई वर्दी मिलनी चाहिये ।

क्या आपके दोस्तों को आज अपना वेतन चाहिये ?
जी हां, ज़रूर चाहिये ।
उन्हें कुछ दिनों की छुट्टी भी चाहिये ।
उनसे पूछिये कि कम से कम कितनी चाहिये ?
कम से कम तीन दिन की ज़रूर चाहिये ।

अगले महीने में आप लोगों को क्या ख़रीदना चाहिये ?
भारत जाने से पहले हमें नई गाड़ी ख़रीदनी चाहिये ।
उसके बाद बच्चों के लिये एक स्कूटर भी ख़रीदना चाहिये ।
बच्चों को सवारी के लिये कुछ न कुछ ज़रूर चाहिये ।
आपका क्या विचार है ?

चाहिये is a unique verb form. It is not related to चाहना all appearances notwithstanding. Its subject (if expressed) is marked by को.

With a noun, चाहिये means need:

आपको क्या चाहिये ?	What do you need?
मुझे काम चाहिये ।	I need a job.

चाहिये may also be used with an infinitive, meaning should or ought to.

हमें जाना चाहिये ।	We should go.

If the direct object of the verb is mentioned in the direct case, the infinitive agrees with it:

हमको हिन्दी सीखनी चाहिये ।	We ought to learn Hindi.
आपको नये जूते खरीदने चाहिये ।	You should buy new shoes.

But many people do not make this agreement:

हिन्दी सीखना चाहिये ।   जूते खरीदना चाहिये ।

Some people use a plural चाहियें .

उन्हें किताबें खरीदनी चाहियें ।	They ought to buy books.

अपना still refers to the subject.

हमें अपने काम के बारे में बोलना चाहिये ।

पाठ इकतीस

क्या आपको आज सवेरे कहीं जाना चाहिये था ?
उनको सबसे पहले कौनसा काम करना चाहिये था ?
उन विद्यार्थियों को पहले हिन्दी पढ़नी चाहिये थी या उर्दू ?

मेरी समझ में आपके दोस्तों को भी आज यहां आना चाहिये था ।
मेरी राय में उन्हें अपने बच्चों को अच्छे स्कूल में भेजना चाहिये था ।
डाक्टर साहब की राय में माता जी को कुछ दिन और दवा खानी चाहिये थी ।
उन अफ़सरों को हमारी कुछ न कुछ सहायता करनी चाहिये थी ।

आप लोगों को सबसे पहले क्या करना चाहिये था ?
हमें सबसे पहले हिन्दी सीखनी चाहिये थी और फिर उर्दू ।
उसके बाद हमें अपनी लम्बी यात्रा पर जाना चाहिये था ।
पहले हम सबको लंदन जाना चाहिये था और फिर फ़्रांस ।
और उसके बाद कहां ?
आजकल आपकी माताजी कैसी हैं ?
वे पहले से अब अच्छी हैं । धन्यवाद ।
डाक्टर साहब की राय में उन्हें कुछ दिन और दवा खानी चाहिये थी ।
मेरी समझ में माता जी को कुछ और आराम भी करना चाहिये था ।
अब आप सुनाइये कि आपकी राय में आपके छोटे भाई को पिछले साल क्या करना चाहिये था ?

The addition of था gives a past meaning to चाहिये.

आना चाहिये था ।	(Somebody) should have come.
कोशिश करनी चाहिये थी ।	... should have tried
मुझे नौकरी चाहिये थी ।	I needed a job.

In Hindi the verb agrees with its subject, if the subject is in the direct case.

मेरे दोस्त	हिन्दी	बोलते थे ।	My friend used to speak Hindi.
subject mas. pl.	(object)	verb mas. pl.	

If, however, the subject is in the oblique case, the verb cannot agree with it. It may then agree with a direct case noun, if one is present.

मुझको	किताबें	चाहिये थीं ।	I needed the books.
subject oblique	object fem.pl.	verb fem.pl.	

If no direct case noun is available, the verb reverts to its 'neutral' form, masculine singular.

आपको	क्या चाहिये था ?	What did you want?
subject oblique	verb mas.sg.	

Indefinite expressions

कुछ न कुछ	something or other
कोई न कोई	somebody or other
कभी न कभी	sometime or other

पाठ बत्तीस

आजकल आपके देश में क्या हो रहा है ?
क्या आजकल किसी कालेज में पढ़ाई हो रही है ?
उनके बच्चे आज क्या सीखने जा रहे हैं ?
क्या लड़कों के साथ लड़कियां भी जा रही हैं ?
सारी दुनिया में आजकल क्या हो रहा है ?

कुछ लोग बड़ी बड़ी मशीनें चलाना सीख रहे हैं ।
कुछ कालेजों में विद्यार्थी हड़ताल कर रहे हैं ।
वे तीनों आज यहां हिन्दी बोलना सीखने आ रही हैं ।
सब लोग कुछ न कुछ कर रहे हैं ।

मैं यहाँ चार साल से काम कर रहा हूं ।
वे दोनों लड़कियां दो महीने से इस दफ़्तर में काम कर रही हैं ।
हम लोग पांच दिन से इस नये मकान में रह रहे हैं ।

आजकल आपके देश में क्या हो रहा है ?
बहुत चीजें हो रही हैं ।
एक तरफ़ देश में पहले से बहुत अधिक अनाज पैदा हो रहा है ।
दूसरी तरफ़ कई विश्वविद्यालयों में हड़तालें हो रही हैं ।
देश में हर किस्म की तरक्की हो रही है ।
लोग नई से नई मशीने चलाना सीख रहे हैं ।
बाहर के देशों से कुछ लोग यहां पढ़ने आ रहे हैं ।
अब आप बताइये कि आप यहां कब से काम कर रहे हैं ?

The 'ing' tense is formed by adding { रहा रहे रही } to the verb root.

मैं जा रहा हूं ।	I'm going. (man speaking)
सब आ रहे हैं ।	They're all coming. (masculine subject)
बस पहुंच रही है ।	The bus is arriving.

नहीं may be used, usually before the root. In this case, the auxiliary may be omitted. In the feminine plural, then, the nasalization moves forward from the omitted हैं onto the रही :

गाड़ियाँ नहीं पहुंच रहीं ।	The trains aren't arriving.

Remember कब से since when? and अब तक until now.

यहां कब से रह रही हैं ?	How long have you been living here?
क्या वह अब तक सो रही है ?	Is she still sleeping?

Destination is expressed in the oblique case, usually without postpositions.

अपने दफ़्तर जा रहा हूं ।

पाठ तेंतीस

पिछले वर्ष उस देश में क्या हो रहा था ?
उन दिनों आप क्या कर रहे थे ?
क्या वे सब लड़कियां टैनिस खेलना सीख रही थीं ?
उनसे पूछिये कि वे पिछले साल इन दिनों क्या कर रहे थे ?
आप उस कम्पनी में कब से काम कर रहे थे ?
क्या वे पिछले साल भी उस बड़ी इमारत में रह रहे थे ?

पिछले साल उस देश में क्या हो रहा था ?
वहां काफ़ी गड़बड़ हो रही थी ।
स्कूलों और कालेजों में बहुत कम पढ़ाई हो रही थी ।
बहुत लोग दूसरे देशों में जाने की कोशिश कर रहे थे ।
हम सब लोग चुपचाप सब कुछ देख रहे थे ।
किसी चीज़ में हिस्सा नहीं ले रहे थे ।
आप दोनों वहां कब से काम कर रहे थे ?
हम लोग उस दफ़्तर में लगभग ढाई साल से काम कर रहे थे ।
हमारे कुछ साथी वहां पांच छै साल से काम कर रहे थे ।
हम सबको अपना काम काफ़ी पसन्द था लेकिन
इस प्रकार की अशान्ति पसन्द नहीं थी ।
क्या आपके देश में और आपके पड़ोसी देशों में भी
इस किस्म की अशान्ति हो रही थी ?

आप क्या कर रहे थे ?	What were you doing?
मैं काम कर रहा था ।	I was working.
आप कहां जा रही थीं ?	Where were you going?
मैं यहां आ रही थी ।	I was coming here.

The postposition को is used in many ways. In most cases, it shows how a noun, pronoun, or phrase is related to the verb.

Some verbs may have an indirect object. The indirect object is always marked by को.

मुझको नमक दीजिये ।	Please pass me the salt.
हमको सड़क दिखाइये ।	Please show us the way.
उनको नहीं बताता कि...	I don't tell him that...

The short forms मुझे, हमें, उन्हें etc. are equally appropriate; see page ६४.

अपने पिता जी को चिट्ठी भेज रहा हूं ।	I'm sending a letter to my father.

Adverbial phrases:

मेरे लिये	for me
हमारे लिये	for us
आपके लिये	for your sake
इन के लिये	for them, for him, for her (ये)
इस के लिये	for him, for her (यह)
किस के लिये	for whom? (कौन)

This is also used with nouns, particularly verb infinitives:

खाना खाने के लिये चलिये । Let's go to eat.

Before आ, जा, चल and a few other verbs, के लिये may be omitted, but the infinitive remains in the oblique case.

सिनेमा देखने जा रहे थे ।

पाठ चौंतीस

कहां जायेंगे ?	कब जायेंगी ?
कहां रहेंगे ?	किसके साथ रहेंगी ?
क्या काम करेंगे ?	किस किस्म का काम करेंगी ?
कब वापस आयेंगे ?	यहां कब लौटेंगी ?

बम्बई जाऊंगा ।	परसों जाऊंगी ।
शहर में रहूंगा ।	एक दोस्त के साथ रहूंगी ।
लायब्रेरी में काम करूंगा ।	दफ़्तर में टाइप करूंगी ।
बाद में आऊंगा ।	डेढ़ साल के बाद लौटूंगी ।

आप भारत कब जाएंगे ?
मैं पाँच महीने के बाद जाऊंगा ।
वहां कहां रहेंगे ?
दिल्ली में । चाणक्य पुरी में ।
और काम कहां करेंगे ?
अमरीकी दूतावास में ।

The future tense forms have the familiar आ ए ई endings for masculine singular, masculine plural, and feminine subjects. They also change in the middle:

ऊँ with the subject मैं
ए with all other singular subjects
एँ with all other plural subjects

लिखना write and पाना find are typical.

लिखूंगा	लिखूंगी	पाऊंगा	पाऊँगी
लिखेगा	लिखेगी	पाएगा	पाएगी
लिखेंगे	लिखेंगी	पाएँगे	पाएँगी

Three verbs have "contraction":

देना	give	लेना	take	होना	be
दूंगा	दूंगी	लूंगा	लूंगी	हूँगा	हूँगी
देगा	देगी	लेगा	लेगी	होगा	होगी
देंगे	देंगी	लेंगे	लेंगी	होंगे	होंगे

'Regular' forms of होना are also used: होऊँगा, होएगा, etc.

देना with an infinitive in the oblique form means give permission or allow.

आने दीजिये ।	Please let me come.
मैं आपको बोलने देता हूं ।	I give you permission to speak.
वे हमें लिखने देंगे ।	They will let us write.
हम बच्चों को स्कूल जाने देते थे ।	We used to let them go to school.

पाठ पैंतीस

आपके विचार में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री आज कहां ठहरेंगे ?
इसके बाद वे किन देशों का दौरा करेंगे ?
क्या हमारे राष्ट्रपति भी इस साल विदेश-यात्रा पर जायेंगे ?
उनके साथ और कौन कौन जायेंगे ?
क्या उनकी पत्नी भी उनके साथ जायेंगी ?
उनकी लड़की कौनसे देशों में घूमने जायेंगी ?
आपकी राय में उन्हें क्या करना उचित होगा ?

आपके विचार में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री आज कहाँ ठहरेंगे ?
वे हमारे राष्ट्रपति के साथ राष्ट्रपति-भवन में ठहरेंगे ।
वे यहाँ तीन दिन तक रहेंगे ।
उसके बाद वे कहां जायेंगे ?
वे फिर कैनेडा और दक्षिण-अमरीकी देशों का दौरा करेंगे ।
मेरी समझ में उनका दौरा बहुत महत्वपूर्ण होगा ।
कुछ देशों में वे नई व्यापार-सन्धियों के बारे में बातचीत करेंगे ।
क्या हमारे राष्ट्रपति भी इस साल विदेश यात्रा पर जायेंगे ?
जी हां, जायेंगे ।
वे लगभग ग्यारह देशों का दौरा पन्द्रह दिनों में समाप्त करेंगे ।
उनके साथ उनकी पत्नी और दोनों बेटियाँ भी जायेंगी ।
आपकी प्रधानमंत्रीं हमारे देश के दौरे पर कब जायेंगी ?
क्या वे और कहीं भी जायेंगी ?

६१	इकसठ	७१	इकहत्तर	८१	इक्यासी
६२	बासठ	७२	बहत्तर	८२	बयासी
६३	तिरसठ	७३	तिहत्तर	८३	तिरासी
६४	चौंसठ	७४	चौहत्तर	८४	चौरासी
६५	पैंसठ	७५	पछत्तर	८५	पचासी
६६	छियासठ	७६	छिहत्तर	८६	छियासी
६७	सड़सठ	७७	सतहत्तर	८७	सत्तासी
६८	अड़सठ	७८	अठहत्तर	८८	अठासी
६९	उनहत्तर	७९	उन्नासो	८९	नवासी
७०	सत्तर	८०	अस्सो	९०	नब्बे

९१	इक्यानवे	९६	छियानवे
९२	बानवे	९७	सत्तानवे
९३	तिरानवे	९८	अट्ठानवे
९४	चौरानवे	९९	निन्यानवे
९५	पचानवे	१००	एक सौ

Time espressions:

अब कितने बजे हैं ?	What time is it now?
पौने नौ बजे हैं ।	It's quarter to nine.
सवा दस बजे हैं ।	It's quarter after ten.
नौ बजने में दस मिनट हैं ।	It's tem minutes to nine.
दस बजकर पांच मिनट हुए हैं ।	It's five after ten.
एक हफ़्ता हुआ ।	a week ago
दो दिन हुए ।	two days ago
पांच साल हुए ।	five years ago
कुछ समय हुआ ।	some time ago
बहुत देर हुई ।	quite a while ago

पाठ छत्तीस

क्या आप लोग आज हमारे घर चाय पीने आ सकते हैं ?
आपके विचार में वे लड़कियां यहां कितने बजे तक पहुंच सकती हैं ?

पिछले साल मेरा लड़का केवल एक भाषा बोल सकता था ।
पांच साल पहले हम लोगों को अच्छा और सस्ता सामान मिल सकता था ।

शायद वे सब लोग इस मोटर में बैठ सकेंगे ।
आशा है कि आज सब लोग अपना काम समाप्त कर सकेंगे ।
आशा है कि आपकी लड़की की शादी में सब रिश्तेदार आ सकेंगे ।
इस हफ़्ते मैं आपके घर नहीं आ सकूंगा ।
भगवान चाहेगा तो आपका सभी काम इस महीने में पूरा हो सकेगा ।

आपके विचार में वे लड़कियां यहां कब पहुंच सकेंगी ?
मुझे ठीक मालूम नहीं, लेकिन मेरे विचार में वे कल तक पहुंच सकेंगी ।
वे यहां आज शाम को सात बजे तक पहुँच सकती हैं, लेकिन मुझे लगता है कि वे रास्ते में तीन चार घंटे आराम करना चाहती हैं।
यह अच्छा होगा कि वे रास्ते में खूब आराम कर सकेंगी ।
यहां आने के बाद वे अपने सब रिश्तेदारों से बातें कर सकेंगी ।
क्या वे अपने साथ अपना कुत्ता भी लायेंगी ?

जा सकता हूँ ।	I can go
जा सकता था	I used to be able to go
जा सकूंगा ।	I will be able to go

सक can be added after any verb root, with the usual endings. It cannot be used as a main verb, but must be preceded by a root. Thus in Hindi you can't say simply I can't.

क्या आप गाड़ी चला सकती हैं ?

जी हां, मैं चला सकती हूँ ।

क्या आप आज आ सकेंगे ?

जी नहीं, आज नहीं ।

शायद कल आ सकूंगा ।

Dates: these expressions are used:

२६ जनवरी को
पहली फ़रवरी को
मार्च की पहली तारीख़ को
दूसरी अप्रैल से पन्द्रह अप्रैल तक
आठवां महीना
आठवें महीने में
सन् १९६९ में   सन् उन्नीस सौ उनहत्तर में
सन् उनहत्तर में

पाठ सैंतीस

हमारी गाड़ी बड़ी मुश्किल से वहां तक पहुंच सकी ।
वे किसी न किसी तरह अपने घर पहुंच सके ।
उनकी पढ़ाई का काम आज पूरा हो सका ।
मेरे मित्र दो साल के बाद अपने माता-पिता से मिल सके ।

कल मैं उनसे समय पर नहीं मिल सका ।
परसों हमारे बच्चे सिनेमा देखने नहीं जा सके ।
उनके अफ़सर की पत्नी पार्टी में नहीं आ सकीं ।
मुझे बहुत अफ़सोस है कि उनकी बिल्ली बीमारी से बच नहीं सकी ।
न तो मेरे दोस्त यहां रह सके और न वे घर पहुंच सके ।

क्या आप कल अपना काम पूरा कर सके ?
जी नहीं । मुझे अफ़सोस है कि मैं पूरा नहीं कर सका ।
आशा है कि एक दो दिन में ख़त्म कर सकूंगा ।
आपके अफ़सर की पत्नी पार्टी में क्यों नहीं आ सकीं ?
उनकी बिल्ली बहुत बीमार थी ।
बेचारी बिल्ली भी बच न सकी ।

मैं जा सका।	I was able to go (man speaking)	mas. sing.
मैं जा सकी।	I was able to go (woman speaking)	fem. sing.
आप जा सके।	you were able to go (to a man)	mas. pl.
आप जा सकीं।	you were able to go (to a woman)	fem. pl.

This kind of past tense uses the root of the main verb, plus सक plus one of the four gender-number endings:

आ	m.s.	ई	f.s.
ए	m.p.	ईं	f.p.

In the 'future' tense forms, the informal second person plural pronoun तुम requires ओ in the middle.

तुम सुनोगी।	you will hear (to a woman)
तुम देख सकोगे।	you will be able to see

Two verbs have slightly unusual forms for तुम:

दोगी [देना]   लोगी [लेना]

न - न means neither - nor.

पाठ अड़तीस

मेरा छोटा लड़का कल नैपाल गया ।
मेरे दोस्त की लड़की भी उसके साथ गई ।
हम लोग परसों सिनेमा देखने गये थे ।
आज हमारे चाचा जी भी वही सिनेमा देखने गये हैं ।
रास्ते में हम सब लोग अपने दोस्त के यहां दो घंटे ठहरे ।
वापसी में वे लोग भी हमारे साथ खाना खाने आये ।

कल आप लोग कहां गये थे ?
कल सवेरे हम लोग हवाई अड्डे पर गये थे ।
मेरा छोटा लड़का कल नैपाल गया ।
शाम को हम लोग सिनेमा देखने गये थे ।
वापसी में कुछ देर हम अपने दोस्त के घर ठहरे ।
फिर वे भी हमारे साथ हमारे यहां खाना खाने आये ।

Most of the past tenses use the 'perfect participle' which consists of the root of the verb plus one of the four gender-number endings आ, ए, ई, ईं.

मैं पहुंचा ।	I (man) arrived	मैं पहुंची ।	I (woman) arrived
आप पहुंचे ।	you (man) arrived	आप पहुंचीं ।	you (woman) arrived

सक may come between the main verb root and the ending.

क्या आप नहीं आ सके ?

If the root ends with आ or ओ, य is added before the आ ending.

आया	came	सोया	slept

The other endings may be spelled with or without य ; it is not pronounced.

आये or आए

आयी or आई

होना and जाना have different roots for the perfect participle.

हुआ हुए हुई हुईं	happemed
गया गए गई गईं (गये गयी गयीं)	went

The perfect participle may be followed by an auxiliary verb.

मैं गया हूं ।	I have gone
वे पहुंची हैं ।	she has arrived

The present auxiliary shows that the action occurred in the very recent past or has some reference to the present. With the past auxiliary, the action is definitely in the past, not closely connected with the present.

हम गये थे ।	we went, we had gone (before...)

अकर्मक क्रियाएं

आना
उठना
उड़ना
उतरना
गलना
गिरना
घटना
घूमना
चढ़ना
चलना
चिल्लाना
छिपना

जलना
जाना
झगड़ना
झुकना
टपकना
टूटना
ठहरना
डूबना
तैरना
थकना
नहाना
निकलना

पड़ना
फटना
फिसलना
बचना
बजना
बढ़ना
मरना
रहना
रुकना
लेटना
हिलना
होना

Only a certain number of verbs form their past tenses this way. For the time being, practice with verbs from this list, or others of the same kind that your teachers give you.

अट्ठानवे

On page ७८ the verb मिलना was presented with meanings like get, receive, find: (Person) को (Thing) मिलता है ।

The person gets the thing.

In a different construction, मिलना is used for meet:

(Person A) (Person B) से मिलता है ।

Person A meets Person B.

मैं हमेशा शर्मा जी से इतवार को मिलता हूं ।	I always meet Mr. Sharma on Sunday.
ऊषा जी रोज़ ड़ाक्टर से मिलती थीं ।	Usha used to visit the doctor every day.
जब वहां जायेंगे, तो क्या आप किसी से मिलेंगे ?	When you go there, will you meet somebody?

In English we use see in this sense (I'll see you); देखना is never used this way.

आप usually means you, but it is occasionally used as an extra-polite way of referring to a third person:

आप कह रहे थे कि	He was saying...

Newspapers often refer to the Prime Minister or the President this way. It is also used in introductions, where extra courtesy is appropriate:

आप से मिलिये, आप हैं श्री वर्मा ।	I'd like you to meet Mr. Verma.

इनसे मिलिये is also used.

पाठ उनतालीस

आज शाम को मुझे वाशिंगटन डी० सी० ज़रूर जाना है ।

मुझे कई चीज़ें ख़रीदनी हैं ।

कल सवेरे तक उनको अपनी किताब ज़रूर पढ़नी है ।

उसके बाद समय मिलने पर उन्हें दो चिट्ठियाँ लिखनी हैं ।

अधिकतर लोगों को सवेरे साढ़े आठ बजे दफ़्तर जाना होता है ।

अगर आपको उन लोगों से मिलना है तो जल्दी जाइये ।

हमें जुलाई तक भारत ज़रूर पहुंचना है ।

आज शाम को आपका क्या प्रोग्राम है ?

आज मुझे वाशिंगटन जाना है ।

कई चीज़ें ख़रीदनी हैं ।

अगर समय मिलेगा तो दो तीन चिट्ठियां लिखनी हैं ।

सो आप देख सकते हैं कि काफ़ी लम्बा चौड़ा प्रोग्राम है ।

आपका क्या प्रोग्राम है ?

क्या आपको कहीं नहीं जाना है ?

क्या आपको कुछ नहीं करना है ?

This structure is like the चाहिये construction.

The subject is marked by को. The verb agrees with the direct object, if it is in the direct case.

हमें	साड़ियाँ	ख़रीदनी हैं।	We must buy saris.
subject oblique	object fem.sg.	verb fem. sg.	

If the direct object is marked with को, or if no object is present, the verb reverts to its masculine singular form.

हमें सब साड़ियों को ख़रीदना है।

More noun-plus- करना constructions.

to wait for X (X) का इन्तिज़ार करना

आपका इन्तिज़ार कर रहा था।	I was waiting for you.
मेरा इन्तिज़ार कीजिये।	Please wait for me.

to help X (X) की मदद करना

उसकी मदद करूंगा।	I'll help him/her.

to try to do X (X) की क़ोशिश करना

वक्त पर पहुंचने की कोशिश कीजिये।	Please try to arrive on time.

पाठ चालीस

उन्हें फ्रांस जाना था लेकिन वे जा नहीं सके ।
आज हमें उनसे बातचीत करनी थी लेकिन कर नहीं सके ।
उन प्रदेशों में चुनाव होने थे पर किसी वजह से हो न सके ।
हमारी लड़कियों को कल यहां पहुंचना था लेकिन न मालूम क्यों नहीं पहुंची ।
शुक्रवार को स्कूल बन्द होना था पर न मालूम क्यों नहीं हुआ ।
परसों उन्हें शिकागो जाना था पर न मालूम क्यों नहीं गईं ।
कल बच्चों की छुट्टी होनी थी लेकिन न मालूम क्यों नहीं हुई ।

क्या आपकी लड़कियां कल रात यहां नहीं पहुंचीं ?
जी नहीं, वे नहीं पहुंचीं ।
किस वजह से नहीं पहुंच सकीं यह भी मुझे मालूम नहीं ।
मैं पता लगाने की कोशिश कर रहा हूँ ।
शायद शाम तक मैं सब कुछ मालूम कर सकूंगा ।
क्या आपके बच्चों की आज छुट्टी नहीं है ?
होनी थी लेकिन न मालूम क्यों नहीं हुई ।

The infinitive plus था, describes an event which ought to have taken place, which was planned or intended or required.

मुझे आना था ।	I was supposed to come.
हमें चिट्ठियां भेजनी थीं ।	We were to have sent the letters.
मुझको आपसे मिलना था ।	I was supposed to meet you.
चुनाव होने थे ।	Elections were to have taken place.

Between the root of the main verb and the ending another root may be added to clarify some aspect of the meaning.

लेना and देना are very frequently used in this way. लेना suggests that the actor does it अपने लिये while देना indicates he does it किसी और के लिये

सुन लीजिये ।	Listen. (You might learn something.)
पी लीजिये ।	Drink it. (It's good for you.)
कर दीजिये ।	Please do it for me.
पढ़ लीजिये ।	Read this. (You need the information.)
पढ़ दीजिये ।	Please read this. (and tell me what it means.)

These 'clarifiers' are not normally used in the negative.

पाठ इकतालीस

क्या मैं आपकी चीज़ें लाऊँ ?
क्या मैं कुछ देर के लिये उसके पास जाऊँ ?

अगर आप चाहें तो कल हमारे घर आइये ।
अगर आपकी मर्ज़ी हो तो शाम को सिनेमा देखने चलिये ।
अगर आप रहना चाहें तो ज़रूर रह सकते हैं ।

अगर आप इजाज़त दें तो मैं आपकी किताब ले लूं ?
अगर आप बुरा न मानें तो आपके बच्चे को एक खिलौना ले दूं ?
अगर आप कहें तो मैं उन्हें दस रुपये दे दूं ?

आज शाम को आप क्या कर रहे हैं ?
कुछ नहीं । कहिये तो आपके साथ कहीं चलूं ?
जी हाँ, चलिये आज सिनेमा देखने चलें । बच्चों को भी ले चलें ?
ज़रूर । अगर आप बुरा न मानें तो छोटे बच्चे को एक खिलौना ले दूं ?
हां हां, ले दीजिये । शायद उसे आपका खिलौना बहुत पसन्द आये ।
बड़े बच्चे को कुछ पैसे दे दूं ?
पैसे न दें तो अच्छा होगा । पैसों से बच्चों की आदत ख़राब होती है ।

Another verb form is sometimes called the 'subjunctive' or 'contingent'. It is like the future form, minus the last syllable. It has a variety of meanings. It is used to ask advice or permission:

यहां बैठूं ?	Shall I sit here? May I? Should I?
शुरू करें ?	Shall we start?

With a different tone of voice, it may be a polite request or command:

आप ज़रूर आयें, तब चलेंगे ।	You come; then we'll go.

It is a particularly frequent if clauses, and in clauses with a maybe character.

अगर आप चाहें तो आइये ।	If you want to, come along.
अगर आप कहें उनको बुला दूं ।	If you say so, I'll call him.
अगर न हो सके तो चिन्ता न कीजिये ।	If [illegible] can't be done, don't worry.

In this kind of sentence, the future can be used in the second clause, to indicate greater certainty, but the contingent is more common. Don't be mislead by the fact that English requires the future in the second part of an if-then sentence.

The negative is न .

पाठ बयालीस

आपने क्या देखा ?
आपने मुझे कहाँ देखा ?
उसने आपको क्या बताया ?
लड़कियों ने सिनेमा कहां देखा ?
सब लोगों ने चाय कहां पी ?
उन्होंने लड़कियों को क्या जवाब दिया ?
क्या आप सब लोगों ने उनकी बातें सुनीं ?
कल आपने मुझे कहां देखा ?
मैंने आपको बाज़ार में देखा । और बताऊँ क्या देखा ?
जी हां सब कुछ बताइये ।
अच्छा तो सुनिये ।
मैंने आपको दो लड़कियों के साथ देखा ।
आप लोगों ने लक्ष्मी टाकीज़ में सिनेमा देखा ।
फिर आपने लड़कियों को चाय पिलाई ।
वे पैसे देना चाहती थीं लेकिन पैसे आपने दिये ।
उसके बाद आपने एक टैक्सी बुलाई ।
अब आप बताइये उसके बाद आप लोग कहां गये ?

A certain number of Hindi verbs make their past tenses as shown in पाठ ३८. The rest (the majority) follow a different pattern. The verb forms themselves are made in the same way: the root plus one of the four gender-number endings आ, ए, ई, ईं. The subject, however, is treated quite differently.

In the past tenses, the subject of these verbs is marked by the special postposition ने. ने has no translatable meaning.

मैंने कहा ।	I said
आपने कहा ।	you said
हमने कहा ।	we said or I said
किसने कहा ?	who said?

The verb form does not agree with the subject; the postposition cuts the subject off from the verb. The verb may then remain in its 'neutral' form with the आ ending.

The other special subject forms used with ने are:

इन्होंने पूछा ।	(ये)	He asked
उन्होंने बताया ।	(वे)	He told
किन्होंने देखा ?	(कौन)	Who saw?
जिन्होंने लिखा ।	(जो)	The person who wrote

In the other cases, the oblique forms are used with ने.

इसने सुना ।	(यह)	he heard
उसने पढ़ा ।	(वह)	he read
जिसने समझाया ।	(जो)	he who explained
किसी ने ख़रीदा ।	(कोई)	somebody bought
सब लोगों ने खाया ।		every body ate

(continued on p. 108)

पाठ तेंतालीस

क्या आपने ताजमहल देखा है ?
आपने दुनिया के कौन-कौन से देश देखे हैं ?
क्या उन्होंने अपनी लड़की को अभी फ़ोन किया है ?
वे लड़के जिन्होंने यह पत्र भेजा है यहां कब पहुंचेंगे ?

मैंने उनसे कल आने को कहा है ।
मेरे दोस्त ने अपना दूसरा मकान अभी बनवाया है ।
आज हमने आपसे बातें की हैं, कल उनसे भी करेंगे ।
जो बातें आपने अभी बताई हैं उनमें से कुछ सच्ची हैं ।
वे चीज़ें जो आपने वहां ख़रीदी हैं बड़ी सुन्दर हैं ।

क्या आपने ताजमहल देखा है ?
जी हां, मैंने देखा है । बड़ी सुन्दर इमारत है ।
आपने और कौन कौन से देश देखे हैं ?
एशिया में मैंने केवल भारत, नेपाल और पाकिस्तान देखे हैं ।
लेकिन योरप में बहुत यात्रा की है ।
क्या आप अकेले गये थे ?
जी नहीं । मेरे एक दोस्त भी मेरे साथ गये थे । मैंने उन्हें कल यहां बुलवाया है । आजकल उन्होंने अपना दूसरा मकान बनवाया है इसलिये उन्हें बहुत कम फ़ुर्सत मिलती है ।
अगर आप कल आ सकें तो बड़ी कृपा होगी ।
अच्छी बात । आपका बड़ा धन्यवाद । अब मैं कल आपके दर्शन करूँगा ।

The auxiliaries है and था may be used with the same verb forms. The meanings of these combinations are discussed on page 96 and in more detail on page १२६.

If the direct object is mentioned, it may be marked by को:

मैंने उनको देखा । उन्होंने साड़ियों को बेचा ।

Since the object is in the oblique case in these examples, it cannot influence the verb either. The verb then remains in the 'neutral', masculine singular form.

But if the direct object is present in the direct case, it controls the verb.

मैंने साड़ियां देखीं । किसी ने चिट्ठी भेजी ।
उसने अपने जूते बेचे । हमने बहुत सवाल पूछे ।

Four verb have contracted forms.

करना	देना	लेना	पीना	Infinitive
किया	दिया	लिया	पिया	masc. sing.
किये	दिये	लिये	पिये	masc. pl.
की	दी	ली	पी	fem. sing.
कीं	दीं	लीं	पीं	fem. pl.

The masculine plural forms can be written किए, दिए, etc.

In noun-plus-करना constructions, करना agrees with the noun.

मैंने आपका इन्तिज़ार किया है ।	I waited for you.
मैंने उनकी मदद की ।	I helped him/her.
मैंने आपसे मिलने की कोशिश की ।	I tried to see you.

पाठ चवालीस

आपने किसके नाम पत्र भेजा था ?
उस आदमी ने किसका नाम बताया था ?
क्या आपने सब लोगों को बुलाया था ?
क्या आपको याद है कि आपने हमारी किताबें कहां रखी थीं ?
आपको भारत जाने की सलाह किसने दी थी ?

आपको भारत जाने की सलाह किसने दी थी ?
मेरे एक बड़े गहरे मित्र ने । उन्होंने मुझे भारत के बारे में बहुत सी बातें सुनाई थीं जो मुझे बहुत अच्छी लगीं । उन्होंने उस समय यह भी कहा था कि अगर कभी पैसा और समय हो तो भारत ज़रूर जाइये ।
तो आपने आने, जाने और वहां ठहरने का सब प्रबन्ध कैसे किया था ?
मैंने सबसे पहले अपने बैंक के मैनेजर से बात की । उन्होंने कहा कि कर्ज़ मिल सकता है। उसके बाद मैंने अपने एक और मित्र को अपना सारा कार्यक्रम लिख दिया। उन्होंने मेरा सब प्रबन्ध कर दिया और मैं बड़े आराम से भारत घूम लिया ।

सकर्मक क्रियाएं A few ने verbs

उकसाना
उखाड़ना
उबालना
उभारना
कमाना
काटना
खटखटाना
खरीदना
खोना
खोलना
छांटना
छानना
छीनना
जोड़ना
ठोकना
डालना
ढूंढ़ना
तोड़ना
धोना
पकड़ना
पकाना
पूछना
फेंकना
बजाना
बताना
बांधना
बुलाना
बेचना
भेजना
मांगना
मारना
मिटाना
मुस्कराना
रखना
लूटना
सीखना

Related verbs:

इन को यहां बिठाइये ।	Please seat them here.
उस पेड़ को गिराएगा ।	He will fell the tree.

बिठाना	means make someone sit down
गिराना	means make something fall

These verbs are said to be the 'causatives' of बैठना sit and गिरना fall, respectively. Here are some more pairs.

खाना	eat	देखना	see	पढ़ना	study
खिलाना	feed	दिखाना	show	पढ़ाना	teach
उठना	rise	निकलना	emerge	समझना	understand
उठाना	raise	निकालना	take out	समझाना	explain

पाठ पैंतालीस

क्या आपको रोज़ पैदल चलना पड़ता है ?
क्या आपको भारत में भी पैदल चलना पड़ता था ?
क्या आपको अब एक गाड़ी ख़रीदनी पड़ेगी ?
भारत जाने से पहले आपको इतनी साड़ियां क्यों ख़रीदनी पड़ी थीं?
क्या उन्हें अपने बीमार बच्चे को अस्पताल ले जाना पड़ा ?

क्या आपको रोज़ पैदल चलना पड़ता है ?
चलना नहीं पड़ता बल्कि मैं चलना पसन्द करता हूं । अगर मैं चाहूं तो न चलूं । यह मेरी अपनी मर्ज़ी की बात है ।
क्या आपको भारत में भी पैदल चलना पड़ता था ?
आपने सवाल ठीक नहीं पूछा । पड़ने का न कोई सवाल था और न है । मुझे कोई चलने को विवश (मजबूर) नहीं करता था । मैं ख़ुद ख़ुशी से चलता था ।
सुना है कि आपके दोस्त का बच्चा बहुत बीमार है ?
जी हां, सच है । वह बेचारा सख़्त बीमार है ।
क्या उन्हें बच्चे को अस्पताल ले जाना पड़ा ?
जी हां, जब घर पर इलाज न हो सका तो आख़िर में उन्हें अस्पताल ले जाना ही पड़ा । लेजाना चाहते नहीं थे मगर बेचारे और क्या कर सकते थे ।

The use of पड़ after an infinitive expresses inescapable necessity or the strongest kind of obligation. It is used in all tenses. It suggests some kind of outside force.

मुझे डाक्टर के पास जाना पड़ता है ।	I must go to see the doctor.
उन्हें दवा खानी पड़ती थी ।	She used to have to take medicine.
हमें टीके लगवाने पड़ेंगे ।	We'll have to take our shots.
उसका इन्तिज़ार करना पड़ा ।	(Somebody) had to wait for him.
बहुत किस्म की मशीनों के प्रयोग करने पड़े ।	It was necessary to use all kinds of machines.

जाना as a clarifier sometimes suggests that the action is carried out fully.

पी जाइये ।	Bottoms up!
मैं खा गई ।	I ate it all up.

But in a great many cases, it is very difficult to see what contribution this 'clarifier' makes to the meaning.

समझ गये ?	Did you understand?
मर गईं ।	She died.

समझे? and मरीं । are perfectly acceptable, but it is more common to include the clarifier. (except with न or नहीं.) A clarifier adds only shade of meaning, and has little if any relation to its meaning as a main verb. There is very little suggestion of go in the examples above.

पाठ छियालीस

रोज़ सवेरे हम नौ बजे स्कूल आ चुकते हैं ।
कल पांच बजे तक आपकी माता जी यहां पहुंच चुकेंगी ।
पिछले महीने मैं रोज़ सवेरे नौ बजे से पहले स्कूल पहुंच चुकता था ।
खाना खा चुकने के बाद हम लोग सिनेमा देखने गये ।
उनके आ चुकने के बाद हमने बातचीत शुरू की ।
मैं अपना सब काम ख़त्म कर चुका ।
हमारे पहुंचने से पहले वे खाना खा चुके थे ।

आइये, चलिये कौफ़ी पीने चलें ?
धन्यवाद, मैं पी चुका हूं । आप जाकर पी लीजिये ।
मैं अकेले नहीं पीता । अकेले पीने में मज़ा नहीं आता ।
आप रोज़ तो इस समय तक पी नहीं चुकते थे ?
आज क्या हुआ ?
आज मैं सवेरे आठ बजे से पहले ही दफ़्तर पहुंच चुका था
इसलिये दो घंटे के बाद मैंने नीचे जाकर पी ली ।
जब आप कौफ़ी पी चुकें तो मेरे दफ़्तर में आइये ।
आशा है कि उस समय तक मैं भी अपना ज़रूरी काम
ख़त्म कर चुकूंगा और फिर हम दोनों कुछ बातें कर सकेंगे ।

Adding चुक between the root of the main verb and the ending refers to the stopping of the action.

हम एक बजे खा चुकते हैं ।	We finish eating at one.
वहां जा चुका हूं ।	I've already been there
क्या आपका काम हो चुका ?	Has your work been completed?
कलतक ज़रूर हो चुकेगा ।	It will be finished tomorrow.
मेरे पहुंचने से पहले वे आ चुके थे ।	They had all come before I arrived.

पाना as a main verb means find, obtain, get:

मैं सौ रुपये माहवार पाता हूं । मुझे सौ रुपये माहवार मिलते हैं ।	I make Rs. 100 a month.
मैंने उनको अन्दर के कमरे में पाया ।	I found him in the room inside.

As a clarifier, पाना has approximately the same meaning as सकना but (in the negative) it suggests almost complete inability.

मैं न्यूयार्क जाना चाहता था लेकिन जा नहीं पाया ।
I really wanted to go to New York, but I just didn't get a chance.

सवेरे को आठ बजे से पहले मैं कभी उठ नहीं पाता ।
I can never get up before 8, (no matter how hard I try.)

कर can be used with a verb root to mention the first of two acts:

जाकर go and ...

पाठ सैंतालीस

इस समय भारत के लोग क्या कर रहे होंगे ?
क्या आपके परिवार के लोग इस समय सो रहे होंगे ?

आपके मित्र अब यहां पहुंचते होंगे ।
शायद आज वे कहीं आराम करते होंगे ।

आपके दोस्त ने अपना काम ख़त्म कर लिया होगा ।
उन्होंने मेरा पत्र लिख दिया होगा ।

आपके विचार में भारत के लोग इस समय क्या कर रहे होंगे ? इस समय यहां सवेरे के नौ बजे हैं सो वहां रात के साढ़े दस बजे होंगे । कुछ लोग सो चुके होंगे । कुछ सोने की तैयारियाँ कर रहे होंगे और कुछ सिनेमा देखने गये होंगे । आज आपके मित्र आने वाले थे न ? कब पहुंचेंगे ? पहुंचते ही होंगे । शायद कहीं रास्ते में आराम करते होंगे इसलिये अभी तक यहां नहीं पहुंचे । क्या उन्होंने मेरा पत्र लिखा दिया होगा ? क्या मैं जाकर ले आऊं ? हाँ, मेरी समझ से लिख दिया होगा । वे अपना काम कल दिन में समाप्त कर चुके थे इसलिये मुझे पूरा विश्वास है कि आपकी चिट्ठी भी लिख दी होगी ।

An appropriate form of होगा can be used as an auxiliary verb. It gives a future meaning or suggests a degree of uncertainty.

वह सो रहा होगा ।	He will be sleeping (at this time tomorrow.)
	He is probably sleeping (but I'm not sure.)
वहां रहती होंगी ।	She probably lives there.
वे जानते होंगे ।	He must know.
आपने देखा होगा ।	You must have seen it.

This useage is sometimes called 'presumptive'. More complex examples:

आपने देख लिया होगा ।	You must have seen.
वे टाइप कर सकती होंगी ।	She can probably type.
वे आ चुके होंगे ।	He must have arrived.
इन्हें रहना होगा ।	He'll have to stay.
हमें साड़ियां ख़रीदनी होंगी ।	We'll have to buy saris.

The short form has the 'contingent' meaning.

अगर आपको ज़रूर जाना हो	If you really must go...
अगर आपका लड़का कल जा रहा हो	If your son is going tomorrow.
अगर वे खाना खाते हों	If they are eating.
यदि वे बाज़ार गये हों	If he has gone to the market.
शायद वे बाज़ार जा चुके हों	Maybe he has already gone downtown.
शायद वे अभी तक आये न हों	Probably they haven't come yet.

पाठ अड़तालीस

अगर आप कल आते तो हम ज़रूर आपको नौकरी दे देते।
अगर आप दो चार दिन पहले बताते तो आपका काम हो जाता।
अगर सब देश शान्ति चाहते तो आज कहीं भी लड़ाई न होती।
यदि आप सचमुच हिन्दी सीखते तो आपको बोलना ज़रूर आ जाता।
यदि इतनी बर्फ़ न पड़ती तो गाड़ियां आसानी से आ जा सकतीं।

आप शान्ति के बारे में क्या कह रहे थे ?
मैं कह रहा था कि अगर संसार के सब देश चाहते तो आज कहीं भी लड़ाई न होती, सब लोग सुख से रहते, किसी चीज़ की कमी न होती और आज जो समस्यायें आपके सामने आ रही हैं वे कभी न आतीं।
तो क्या आपका मतलब यह है कि यदि सब देश चाहें तो लड़ाई कभी न हो ?
जी हां, मेरा मतलब यही है। जैसा भी देश चाहें वैसा हो सकता है। यदि वे शान्ति चाहते तो आज संसार की यह हालत न होती।

The use of the participle ending with ता (ते, ती, or तीं) without any auxiliary gives a past and contrary-to-fact meaning.

मौसम अच्छा होता तो मैं जाता ।

If the weather had been good, I would have gone.

मैं जा सकती तो ज़रूर जाती ।

If I could have gone, I certainly would have.

For the negative, न is usually used:

आप गोश्त न खाते तो तन्दुरुस्त हो जाते ।

If you hadn't eaten meat, you would have become healthy.

Notice the contrast:

अगर मैं आपकी जगह होता तो ऐसा न करता ।

I wouldn't have done it that way if I had been in your shoes.

अगर मैं आपकी जगह होऊं तो ऐसा न करूं ।

I wouldn't do that if I were you.

(मैं or पर is 'understood' after जगह.)

There are a few verbs which are sometimes used with ने, sometimes without ने tends to be used when the direct object is stated.

इन्होंने हिन्दी बोली ।	They spoke Hindi.
ये बोले ।	They spoke
हमने टेनिस खेली ।	We played tennis.
हम खेले ।	We played.

पाठ उनचास

उनका दफ़्तर साढ़े आठ बजे खुलता है ।
सफ़र में कांच के बर्तन टूट-फूट जाते हैं ।
कल रात हवा से हमारी दोनों खिड़कियां खुल गईं ।
तस्वीरें फ़र्श पर गिरकर टूट गईं ।
हम अपने कपड़े धोबी से धुलवा लेंगे ।
माली अपनी चिट्ठी किसी से पढ़वा लेगा ।
उसने अपना काम किस से करवाया ?
आपने अपना फ़रनीचर कहां बनवाया ?
कल रात आपके घर में इतना शोर क्यों हो रहा था ?
कल रात जब आंधी चली तो हमारी दोनों खिड़कियां
खुल गईं और तस्वीरें फ़र्श पर गिरकर टूट गईं ।
बड़ा नुकसान हुआ ।
मैंने समझा कि आपके बच्चों ने कुछ कर दिया ?
जी नहीं, उन्होंने कुछ नहीं किया । हां मुझसे कल एक
गलती हो गई । मुझसे आपकी घड़ी टूट गई ।
मैंने बचाने की बहुत कोशिश की पर बच न सकी । चिंता
न कीजिये । मैं आपके लिये एक नई ला दूंगा ।
क्या आपने अपना फ़रनीचर यहीं बनवाया है ?
जी नहीं, बनवाया नहीं । हमने बना-बनाया ख़रीदा था ।
हमारे दोस्त ने अपने एक मिलने वाले की दुकान से
ख़रीदवाया था ।

Another kind of verb is sometimes called 'neuter passive.' Neuter passives suggest that an action takes place of its own accord, or at least that nobody cares who the actor is.

बहुत नई इमारतें बन रही हैं ।	A lot of new buildings are going up.
गाड़ियां हाथों हाथ बिक रही हैं ।	Cars are selling like hot cakes. (from hand to hand.)

The actor can be mentioned, with से, but he is not to be blamed

मुझसे खिड़की टूट गई ।	The window broke (while I was washing it) as an accidental result of my action.

Neuter passives are ordinary verbs (the have all the same forms and tenses as any other verb); they differ from other kinds only in that they must usually be translated by the passive voice (in English) and that they cannot enter into the passive construction explained in पाठ ५०.

There is another kind of causative verb which means 'get somebody else to do it'. These all end with वा.

सुलवाना to have someone go to sleep.

बच्चों को आया से सुलवाती हूं ।	I have the nurse put the children to bed.
अपने कपड़े धोबी से धुलवाता हूं ।	I get my clothes washed by the washerman.

पाठ पचास

कहा जाता है कि शान्ति स्थापित करने का प्रबन्ध किया जायेगा ।

देशों के बीच मित्रता का वातावरण पैदा किया जायेगा ।

विद्यार्थियों से अपील की गई है कि पढ़ाई पर अधिक ध्यान दें ।

यदि प्रबन्ध जल्द न किया गया तो अराजकता फैलने का डर है ।

पिछले वर्ष बहुत लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया था ।

देशों में और देशों के बीच शान्ति कैसे स्थापित की जा सकती है ?

शान्ति स्थापित करना आसान काम नहीं है। शान्ति स्थापित करने के लिये बहुत से उपाय काम में लाये जा सकते हैं । विद्यार्थियों में अराजकता न फैलने दी जानी चाहिये । मजदूरों को उचित मजदूरी दी जाये । आम जनता की साधारण सुविधाओं पर भी पूरा ध्यान दिया जाना चाहिये। इस प्रकार की बातों पर यदि हर देश में शुरू से ध्यान दिया जाता तो आज संसार की यह दशा न होती । कहा जाता है कि जिन कुछ देशों में इन पर पूरा ध्यान दिया गया उनमें आजकल शान्ति पाई जाती है । इन्हीं तरीकों से देशों के बीच भी शान्ति स्थापित की जा सकती है ।

कहा जाता है ।	it is said
कहा जाएगा ।	it will be said
कहा गया ।	it was said
(कहना *say*)	

The passive voice is made by inserting one of the आ - ए - ई endings plus जा into the verb phrase. The result *looks like* the past form of the main verb plus some form of जाना. In the past tenses, जाना appears as गया.

If the direct object is mentioned in the direct case, the whole verb phrase agrees with it.

दरवाज़ा खोला जाएगा ।	the door will be opened
दरवाज़े खोले जाएंगे ।	the doors will be opened
खिड़की खोली जाएगी ।	the window will be opened
खिड़कियां खोली जायेंगी ।	the windows will be opened
(खोलना *open*)	

The contractions which normally occur in the past forms of करना, लेना, देना, पीना (see page १०८) occur also in the passive.

काम किया जाएगा ।	the job will be done
पैसे दिये जाएंगे ।	the money will be given
साड़ी साफ़ की जाएगी ।	the sari will be cleaned

If a 'clarifier' is used, it comes just before the passive marker. All other verb elements follow.

If the actor is mentioned, से is used.

यह किताब किस से लिखी गई ?	By whom was this book written?

The passive of a verb containing जाना produces the unusual form जाया.

सामान कुली से ले जाया गया ।	The luggage was taken away by the porter.

पाठ इक्यावन

१ अख़बार पढ़ते पढ़ते मुझे अक्सर नींद आ जाती है ।
२ परसों हमारी गाड़ी नदी में गिरते गिरते बच गई ।
३ कल रात मोटर-दुर्घटना से एक लड़का मरते मरते बचा ।
४ चलते चलते हम लोग उस गांव में पहुंच गये ।
५ हंसते हंसते हमारा पेट दुखने लगा ।

६ सोती हुई लड़की का मुंह खुला हुआ था ।
७ रोती हुई बच्ची को कमरे में छोड़कर वे बाज़ार चले गये ।
८ नदी का बहता हुआ पानी बड़ा सुन्दर लगता है ।

९ कपड़े पहनते हुए मुझे मालूम हुआ कि मेरी क़मीज़ का एक बटन टूटा हुआ है ।
१० कुछ औरतें साड़ियां पहने हुए आ रही थीं ।
११ आज वह लड़का बड़ी सुन्दर टाई पहने हुए है ।
१२ मेरी कल की पहनी हुई जुराबें कहां हैं ।
१३ आपकी लिखी हुई किताब मैंने पढ़ ली ।

१४ मैंने उस लड़की को आपके पास बैठे हुए देखा ।
१५ उन्होंने एक आदमी को आपके दरवाज़े के बाहर खड़े हुए देखा ।
१६ आठ दस औरतें सड़क पर खड़ी हुई थीं ।
१७ जो आदमी कल आपके पास बैठा हुआ था उसका नाम क्या है ?
१८ कुर्सी पर बैठते हुए वह आदमी नीचे गिरते गिरते बचा ।
१९ दो तीन घंटे खड़े खड़े मैं बिलकुल थक गया ।
२० उन्होंने यहां बैठे बैठे दो किताबें पढ़ लीं ।

1. I often fall asleep while reading the paper.
2. The day before yesterday, our car almost fell into the river.
3. Last night a boy was almost killed in an automobile accident.
4. We walked and walked, and finally we got to the village.
5. We laughed so hard we got a stomach ache.
6. The sleeping girl's mouth was open.
7. Leaving the crying girl in the room, they went shopping.
8. The flowing water of the river looks very pleasant.
9. While getting dressed I found that one of the buttons on my shirt was broken.
10. Some women wearing saris were coming.
11. That boy is wearing a very beautiful tie today.
12. Where are the socks I wore yesterday?
13. I read the book you wrote.
14. I saw the girl sitting by you.
15. They saw a man standing at your door.
16. About ten women were standing on the road.
17. What's the name of the man who was sitting next to you yesterday?
18. As he was sitting down, he almost fell.
19. Standing there two or three hours, I got very tired.
20. He read two books while sitting here.

You have met the basic structures of Hindi: the nouns, adjectives, pronouns, postpositions, verbs, and other kinds of words; the basic kinds of phrases, subject, direct object, indirect object, adverbial phrases, adjectival phrases and the verb phrases; the clause, which contains a verb phrase and possibly a variety of other phrases; and the sentence, in which several clauses may be combined.

On this base you can go on to build a real command of the language. Most of the grammatical structures which you do not immediately recognize are in fact combinations of elements you already know. In this unit are a few more combinations which are frequent in both spoken and written Hindi.

Verb participles can be used as adjectives. A form of हुआ may be added to mark this adjectival construction.

(1) with the present or imperfective participle:

सोती हुई लड़की	the sleeping girl
बहता हुआ पानी	the flowing water

(examples in sentences 6, 7, 8)

(2) with the past or perfective participle:

टूटा हुआ बटन	a broken button
बैठा हुआ आदमी	the seated man
	(6, 9, 16, 17)
आपकी लिखी हुई किताब	the book which you wrote
मेरी कल की पहनी हुई जुराबें	the socks I wore yesterday
	(12, 13)

(3) These adjectival phrases, like any others, may be used adverbially, in the oblique singular masculine form.

बैठते हुए	taking a seat
साड़ी पहनते हुए	while dressing
	(9, 18)
साड़ियां पहने हुए	wearing saris
टाई पहने हुए	wearing a necktie
	(10, 11, 14, 15)

(4) The adverb can be repeated.

चलते चलते	walking constantly
हंसते हंसते	laughing constantly
	(1, 4, 5, 19, 20)

(5)	मरते मरते	on the brink of dying
	गिरते गिरते	on the brink of falling
		(2, 3, 18)

Hindi has no verb have. It is therefore impossible to translate 'literally' any sentence that uses it. You have to stop and think what is meant.

In English we say 'I have two children.' Hindi uses for this a possessive adjective or का -phrase.

उनके दो बच्चे हैं।	They have two children.

The same pattern is used for other relatives, body parts, and things you can hardly lose:

उसकी एक आंख है।	He has one eye.

In English we say 'I have a headache.' In Hindi this can be 'There's a pain in my head.'

मेरे सिर में दर्द है।

Other kinds of illness are expressed with को.

मुझको ज़ुकाम है ।	I have a cold.
मुझको बुख़ार था ।	I had a fever.

Ownership is usually expressed with पास.

मेरे पास दो गाड़ियां थीं।
उनके पास एक बड़ा सुन्दर कुत्ता था।
मेरे दोस्त के पास बड़ा अच्छा ड्राइवर है ।
हमारे पास अपना घर नहीं होगा।
क्या आप लोगों के पास रहने के लिये बड़े-बड़े मकान हैं ?

When two or more verbs are used together, with the same subject, the endings of all but the last can be replaced by the special marker कर.

जाइये देखिये } जाकर देखिये ।	Go and see.
खाना खाइये और वापस आइये । खाना खाकर वापस आइये ।	Eat and then come back.

This 'abbreviation marker' may appear as कर, के or करके.

If the root of the abbreviated verb is कर, के is the marker.

हम अपना काम करके घर गये ।	After doing our work, we went home.

The subject, if mentioned, is marked by ने only if the last verb requires it.

हमने घर जाकर काम किया ।	We went home and worked.

When a series of two or more verbs are put together the abbreviation marker' कर (or के or करके) can be omitted.

लेकर आइये	Take it and come. (Bring it.)

This usually appears as ले आइये. Other very common examples are

ले जाना	carry	ले चलना	bring along

When कर is 'understood', both verbs have their full meanings. Such combinations can be confusing because they look like a full verb plus a clarifier. वह खाना खा गया । can mean:

खाना खा कर गया ।	He ate and went.

or it can represent the main verb खाना plus the clarifier जाना:

वह सारा खाना खा गया ।	He ate it all up.

The difference between the meaning of the perfect participle by itself and the meaning of the perfect participle plus the past auxiliary is rather subtile, and not easily indicated by translation.

With the past auxiliary, the meaning is clearly in the past. मैं गया था । will be used wherever in English 'I had gone' is appropriate, but also in many cases where 'I went' is used.

The perfect participle alone often gives a suggestion of indefiniteness. It will be used in questions.

क्या आप गये ?	Did you go?

but if the asker thinks he knows the answer, the past auxiliary is added:

आप गये थे न ?	You did go, didn't you?

The auxiliary is also used to refer to an action that was definitely intended or planned, even if not carried out.

मैं नहीं गया था ।	I didn't go, after all.

The use of the present auxiliary shows some connection with the present or the very recent past.

आपने शादी की है ?	Have you gotten married?

If you believe that the person is not married now, you might ask:

शादी की थी ।	Have you ever married?

The past auxiliary separates the action mentioned from the present.

Verb Agreement

The verb can agree only with a direct case expression. If the subject is in the direct case, the verb agrees with it. If however the subject is oblique (with को or ने) the verb may come under the control of some other direct case expression. If a direct object is present and not marked by को the verb will agree with it. If no direct expression is available, the verb reverts to its neutral (masculine singular) form.

subject	object	verb
आप	यह किताब	पढ़ते थे।
आपको	यह किताब	पढ़नी थी।
आपने	यह किताब	पढ़ी थी।
आपने	इस किताब को	पढ़ा था।
आपको	इस किताब को	पढ़ना था।

Verb Agreement

If the verb cannot agree with the subject of the sentence, it will agree with the nearest direct-case noun (which is usually the direct object.) There is one exception to this rule.

A few nouns, when used with करना, lose the power to control the verb.

हमने महात्मा जी के शब्द याद किये ।	We remembered his words.
हमने अपना पाठ याद किया ।	We memorized our lesson.
इन्होंने आपकी साड़ियां पसन्द कीं ।	She liked your saris.
इन्होंने हमारे शहर पसन्द किये ।	He liked our cities.
मैंने ये चीज़ें इस्तेमाल कीं ।	I used these things.
मैंने ये कमरा इस्तेमाल किया ।	I used this room.

Normally, याद, पसन्द, and इस्तेमाल are nouns, as in the examples below, but when used with करना they seem to lose their gender and number characteristics and become transparent, so to speak, allowing the effect of a preceding noun to pass through them and control the verb.

आपकी पसन्द अच्छी है ।	You have good taste.
मेरी याद इतनी अच्छी नहीं है ।	My memory isn't so good.
अंग्रेज़ी का इस्तेमाल अच्छा नहीं ।	It's bad to use English.

आगे आगे देखिये होता है क्या।